दिनांकः 05.06.2024
समय : 09:00 ए.एम.
प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- लोकसभा चुनाव के परिणामों में एनडीए को स्पष्ट बहुमत–भाजपा 240 सीटों के साथ सबसे बड़ा दल।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतदाताओं का आभार जताया, कहा–सबका साथ, सबका विकास के मंत्र में विश्वास की जीत।
- विश्व पर्यावरण दिवस आज–प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन।
- नीट–यूजी का परिणाम जारी–13 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी क्वालिफाई घोषित।

18वीं लोकसभा की सभी 543 सीटों के चुनाव परिणाम आ गए हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 292 सीटें जीती हैं। वहीं इंडी गठबंधन को 233 सीटों पर संतोष करना पड़ा। जबकि 18 सीटों पर अन्य उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। भारतीय जनता पार्टी 240 सीटें जीतकर सबसे बड़े दल के रूप में उभर कर आई है, जबकि कांग्रेस 99 सीट जीतकर दूसरे स्थान पर है। समाजवादी पार्टी–37, तृणमूल कांग्रेस–29, डीएमके–22, तेलुगुदेशम पार्टी–16, जनता दल यूनाइटेड और शिवसेना उद्दव ठाकरे–9–9, एनसीपी शरद पवार–8, शिवसेना शिंदे–7, लोक जन शक्ति पार्टी–5, आरजेडी और सीपीआईएम–चार–चार, आम आदमी पार्टी और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की तीन–तीन तथा जेडीएस, जनसेना, वीसीके, सीपीआई, सीपीआईएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस को दो–दो सीटें मिली हैं।

कल आए चुनाव परिणामों में कई दिग्गज 18वीं लोकसभा में पहुंचने में सफल रहे। इनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से डेढ़ लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने रायबरेली और वायनाड दोनों सीटों से बड़े अंतर से जीत हासिल की। सुल्तानपुर से भाजपा उम्मीदवार मेनका गांधी और अमेठी से स्मृति ईरानी चुनाव हार गयीं। गुजरात में भाजपा ने 26 में से 25 सीटें हासिल कर प्रचंड जीत दर्ज की है। एक सीट कांग्रेस के खाते में गई है। गांधी नगर सीट से केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने सवा सात लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीत हासिल की। मध्य प्रदेश की सभी 29 सीटों पर भाजपा ने एकतरफा जीत दर्ज की है।
वहां विदिषा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने करीब सवा आठ लाख वोटों के अंतर से बड़ी जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश में भाजपा उलटफेर का शिकार हुई है। 80 सीटों में से भाजपा को 33 पर संतोष करना पड़ा।

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को 14 सीटें हासिल हुई हैं। कांग्रेस की अगुवाई वाला इंडी गठबंधन को 11 सीटें मिली हैं। भाजपा ने बीकानेर, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, जोधपुर, कोटा, अजमेर, पाली, राजसमंद, उदयपुर, जालौर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा और झालावाड़–बारां में जीत दर्ज की है। प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने पिछले दो चुनावों की अपेक्षा इस बार बेहतर प्रदर्शन करते हुए आठ सीटें हासिल की हैं। इनमें श्रीगंगानगर, चूरू, झुंझुनूं, भरतपुर, बाड़मेर, टोंक–सवाईमाधोपुर, दौसा और करौली–धौलपुर लोकसभा सीट शामिल हैं। कांग्रेस समर्थित आरएलपी के हनुमान बेनीवाल ने नागौर से जीत हासिल की। इसी तरह सीकर सीट पर माकपा के अमरा राम विजयी रहे। बांसवाडा–डूंगरपुर सीट भारत आदिवासी पार्टी के राजकुमार रोत ने जीती। बागीदौरा विधानसभा उपचुनाव में बीएपी के जयकृष्ण पटेल ने जीत हासिल की।

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कहा है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाएगा। भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि लोगों ने इस चुनाव में भाजपा और एनडीए पर पूरा भरोसा दिखाया है। श्री मोदी ने कहा कि यह भारतीय संविधान और सबका साथ, सबका विकास के मंत्र में विश्वास की जीत है।

...........

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के नतीजों को जनता और लोकतंत्र की जीत बताया है। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में श्री खरगे ने कहा कि जनता ने इस चुनाव में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने इस अवसर पर कहा कि यह चुनाव न सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी के विरूद्ध था बल्कि कई एजेन्सियों के विरूद्ध भी था। उन्होंने कहा कि यह भाजपा के लिए बडा संदेश है।

चुनाव परिणाम आने के साथ ही नई सरकार के गठन को लेकर कवायद तेज हो गयी है। भाजपा की अगुवाई वाला एनडीए दल इन चुनाव परिणामों में सबसे बड़े गठबंधन के तौर पर सामने आया है, ऐसे में सरकार बनाने का न्यौता गठबंधन को दिया जाएगा। इस बीच, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा कि एनडीए के गठन के बाद भारतीय राजनीति के इतिहास में यह पहली बार है कि कोई गठबंधन लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगा।

दूसरी ओर, केंद्रीय मंत्रिमण्डल की आज नई दिल्ली में बैठक होगी। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। ये दिन दुनियाभर में प्रकृति को सहेजने और पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता तथा वैश्विक सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम रखे गये हैं। राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न रिपोर्ट जारी करने के साथ पर्यावरण क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शामिल हो रहे हैं। राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रदेशवासियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने का आह्वान किया है। अपने संदेश में उन्होंने पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने और पारिस्थिकी संतुलन बनाए रखने में सहभागिता निभाने की अपील की है। जिला मुख्यालयों पर भी विभिन्न कार्यक्रम रखे गये हैं। भरतपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि घना पक्षी विहार में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता के आयोजन हो रहे हैं।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा–नीट–यूजी का परिणाम घोषित कर दिया है। परिणाम एजेंसी की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं। यह परीक्षा पांच मई को आयोजित की गई थी। एनटीए की वरिष्ठ निदेशक डॉ साधना पाराशर ने बताया कि परीक्षा में 23 लाख 33 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए। इनमें से 13 लाख 16 हजार को क्वालिफाई घोषित किया गया है। नीट में देश के टॉप–20 छात्रों ने 99 दशमलव नौ नौ परसेंटाइल अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक में पहला स्थान हासिल किया। इनमें राजस्थान से तीन छात्र शामिल हैं। इसी तरह, 20 छात्राएं भी इतनी ही परसेंटाइल हासिल कर ऑल इंडिया रैंक–1 पर सफल रहीं। इसमें प्रदेश से चार छात्राएं शामिल हैं।

ट्वेन्टी–ट्वेन्टी विश्व कप क्रिकेट में आज भारत का मुकाबला आयरलैंड से होगा। रात आठ बजे न्यूयॉर्क के काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले मैच को लेकर भारतीय टीम के हौसले बुलंद हैं। प्रतियोगिता में आगामी नौ जून को न्यूयार्क में ही भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला जाएगा। इसे लेकर दुनियाभर के क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।